
पाठ 21

# जीवन है अनमोल

ट्राफिक पुलिस रमेश आज पूरे दिन व्यस्त रहा था। उसने दिन भर में कुछ पच्चीस चालान बनाए थे। बारह मोटर साइकिल चालकों ने हेलमेट नहीं लगाए थे। कुछ कार चालक बिना सीट बैल्ट लगाए कार चला रहे थे। दो चालक नशे में गाड़ी चला रहे थे। एक स्कूटर चालक मोबाइल पर बात करते हुए चल रहा था, तो एक चालक तेजी से लाल बत्ती होने के बावजूद भी चौराहा पार कर गया। वह सोच रहा था कि लोग अपनी सुविधा के लिए खुद की जान तो जोखिम में डालते ही है, दूसरों को भी बेमौत मार डालते हैं। लोग क्यों नहीं समझते कि यातायात नियम उनकी सुरक्षा के लिए हैं। उन्हें उनका पालन करना आवश्यक है।



चित्र 21.1 यातायात के सुरक्षा नियम

**हेलमेट भार नहीं आपकी सुरक्षा है।**









## चित्र देख कर चर्चा कीजिए

- चौराहे पर लाल लाइट होने पर हमें क्या करना चाहिए?
- गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) पर गाड़ी चलाते हुए क्या करना चाहिए?
- हॉर्न के चित्र पर क्रॉस दिखाई देने पर क्या नहीं करना चाहिए?
- सड़क पर किस ओर चलना चाहिए?
- नशा करके गाड़ी क्यों नहीं चलानी चाहिए?
- सड़क सुरक्षा के जो चिह्न आप सड़क के किनारे देखते हैं, उन्हें अपनी उत्तर पुस्तिका में बनाओ और उसका अर्थ भी लिखिए।

## सोचिए और बताइए

- सड़क किनारे कोई व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त पड़ा है। तब लोग क्या करते हैं?



चित्र 21.2 सड़क दुर्घटना

## चर्चा कर बताइए

- सड़क पर दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता के लिए हमें क्या–क्या करना चाहिए?




चित्र 21.3 रेलवे स्टेशन

एक विद्‌यालय की तरफ से शनिवार को बच्चों को रेलवे स्टेशन भ्रमण पर ले जाया गया। रेलवे स्टेशन पर पहुँचने के पश्चात सब बच्चों को स्टेशन के अंदर प्रवेश कराने हेतु शिक्षिका ने प्लेटफार्म टिकिट लिया। यह देखकर सोनू ने पूछा क्या टिकिट लेना आवश्यक है? हम तो सफर पर नहीं जा रहे हैं। शिक्षिका ने बताया कि स्टेशन में प्रवेश करने के लिए टिकिट आवश्यक है। सभी ने रेलवे स्टेशन में प्रवेश किया। उन्होंने देखा कि कुछ व्यक्ति दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए पटरी पारकर जा रहे थे। उनके ऐसा करने पर रेलवे पुलिस के कार्मिक ने उन्हें रोका और उन्हें इसके लिए चेतावनी दी कि हमेशा पटरी को निर्धारित स्थान अथवा पुल से ही पार करना चाहिए। उन्होंने देखा कि टिकिट चेकर बिना टिकिट यात्रा करने वाले यात्रियों से जुर्माना वसूल रहा था। वहाँ पर बार–बार एक घोषणा हो रही थी कि यात्री कृपया ध्यान दें लावारिस सामान देखते ही उसकी सूचना रेलवे पुलिस को दें, उसे न छुएँ।

सोचिए व बताइए

- रेलवे स्टेशन पर प्रवेश करने से पूर्व टिकिट लेना क्यों आवश्यक है?
- पटरी पार करने के लिए किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?
- रेलवे स्टेशन पर कौन–कौनसी चेतावनी लिखी होती है और दी जाती है?
- रेलवे स्टेशन पर लोग क्या–क्या बेचते हैं?




चित्र 21.4 रेलवे यात्रा का टिकिट

> बिना टिकिट यात्रा करना कानूनी अपराध है।

- यह टिकिट कहाँ से कहाँ का है?
- यह टिकिट कब का और कितने का है?
- इस टिकिट से हमें और क्या–क्या जानकारी मिलती है?

> शिक्षक निर्देश–शिक्षक बालकों को संबंधित रेलवे स्टेशन या बस स्टेण्ड का भ्रमण करवाएँ व रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध यातायात के नियम, सुरक्षा संबंधित जानकारी, पटरी पार करने, पूछताछ, यात्रा टिकिट, काउंटर आदि इन सबसे संबंधित चर्चा कर जानकारी उपलब्ध करवाएँ।

## वायु प्रदूषण

### करके देखिए

किसी भीड़–भाड़ वाले स्थान पर लगे पेड़ की पत्ती तोड़ कर लाओ व उसे सफेद कागज पर उल्टा रख कर दबाकर रगड़ो और ध्यान से देखिए क्या कागज काला/भूरा हो गया?

### चर्चा कीजिए

- पत्ती को कागज पर रगड़ने से कागज काला/भूरा क्यों हुआ?
- क्या सड़क से दूर के पेड़ों के पत्तों में भी ऐसी कालिख लगी होगी। क्यों ?



गाड़ियों के चलने से, फेक्ट्रियों के चलने से व वस्तुओं को जलाने से वायु में धुँआ व विषैली गैसे फैलती है। वायु में इन चीजों का मिलना वायु प्रदूषण कहलाता है। यह प्रदूषण हमारी श्वास में जाकर हमें बीमार करता है।

### चर्चा कीजिए व बताइए

- किस–किस जगह वायु में प्रदूषण अधिक होगा?
- वायु में प्रदूषण को कैसे कम कर सकते हैं?
- हम क्या करें कि हवा में धुआँ और विषैली गैसें कम हो जाएँ?



**विश्व में सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली का स्थान चौथा है। इस स्थिति से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय के आदेशों से 2010 तक दिल्ली के सार्वजनिक यातायात साधनों को प्राकृतिक गैस से चलाने वाले वाहनों में बदलने का आदेश दिया गया। सड़क या भवन की चाहरदीवारी के बीच यदि कोई पेड़ आ रहा है तो पेड़ नहीं काटा जा रहा है, वरन् सड़क, फुटपाथ व दीवार को घुमा दिया जा रहा है।**



### हमने सीखा

- हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए।
- किसी लावारिस पड़ी वस्तु को छूना नहीं चाहिए।
- वाहनों के अधिक संचालन से वायु प्रदूषण होता है।



**जाना—समझा, अब बताइए**

- सड़क पर चलते समय किन—किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?
- विद्यालय के सामने से निकलने पर क्या सावधानी रखनी चाहिए?
- वायू प्रदूषण के क्या—क्या कारण हैं?

यातायात के सभी नियमों का करो पालन
सुरक्षित रहो एवं स्वस्थ करो जीवन यापन







